लोकसभा अध्यक्ष ने 'सभा टीवी' का उद्घाटन किया

नई दिल्ली 17 अगस्त 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में अपने आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केरल विधानसभा का समर्पित टीवी चैनल 'सभा टीवी' का उद्घाटन किया।

बाद में अपने ट्वीट सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि "वर्चुअल माध्यम से आज केरल विधानसभा के टीवी चैनल @sabha_tv का लोकार्पण किया। मेरा विश्वास है कि यह चैनल जनता व विधायिका के बीच मजबूत कड़ी बनेगा। इसके माध्यम से विधायिका की कार्यवाही सीधे जनता तक पहुंचेगी, जनप्रतिनिधि भी जनता के प्रति अधिक जवाबदेह व संवेदनशील बनेंगे।" उन्होंने आशा व्यक्त की कि "यह चैनल आमजन को संसदीय प्रक्रियाओं व पद्धतियों के प्रति जागरूक करेगा। विविध विषयों पर सटीक व प्रभावी मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा। इस पहल के लिए केरल विधानसभा अध्यक्ष श्री पी.श्रीरामकृष्णन, मुख्यमंत्री श्री @vijayanpinarayi, नेता प्रतिपक्ष श्री @chennithala व सदस्यों को बधाई।"